सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# श्रीयादे माटी कला बोर्ड

(कार्यालय आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग)
314-315, तृतीय तल, उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर

## राज्य सरकार की 80% अनुदान योजना के तहत विद्युत चालित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीन प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन की सूचना

राजस्थान सरकार की **बजट घोषणा वर्ष 2026-27** के तहत माटी कला कामगारो/कलाकारो के उत्थान हेतु **5000 विद्युत चालित चाक एवं मिट्टी गूथने की मशीने** (पगमील) प्रदेश के माटी कला कामगारो को **80% प्रतिशत सरकारी अनुदान व 20% प्रतिशत स्वयं के अंशदान** पर उपलब्ध करायी जानी है। विद्युत चालित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीन प्राप्त करने हेतु **ऑनलाइन आवेदन एसएसओ आईडी/ई-मित्र** के माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं।

## ऑनलाइन आवेदन से संबंधित जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ तिथि | 11 अगस्त, 2026 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 10 सितम्बर 2026 |
| 3. | आवश्यक अर्हता / पात्रता | 1. आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे ऊपर हो<br>2. पूर्व में श्रीयादे माटी कला बोर्ड की योजनान्तर्गत चाक/मिट्टी गूंथने की मशीन प्राप्त किया हुआ ना हो। |
| 4. | प्राथमिकता | 1. दिव्यांग<br>2. एकल/परित्यक्ता / विधवा महिला<br>3. राजीविका सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिला |
| 5. | दस्तावेज | 1. जनाधार कार्ड/राशनकार्ड<br>2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र<br>3. दिव्यांग प्रमाण पत्र |

- आवेदक ऑनलाइन आवेदन एसएसओ आईडी के माध्यम से ई-मित्र अथवा अन्य इंटरनेट कियोस्क / कैफे के माध्यम से अथवा घर बैठे स्वयं कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से भी अपना ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते हैं।
- आवेदन पत्र **महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र / राजपत्रित अधिकारी / ग्राम विकास अधिकारी/ पटवारी / उद्योग प्रसार अधिकारी** द्वारा सत्यापित करवाकर अपलोड करवाना अनिवार्य है (इसके लिए आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी पोर्टल अथवा वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है)।
- चयनित आवेदकों को मशीन प्राप्त करने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।
- जिन लोगों ने पूर्व में श्रीयादे माटी कला बोर्ड में आवेदन किया पर लाभ नहीं मिला अब इस योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु उन्हें भी **पुनः आवेदन करने की आवश्यकता है।**
- एक जनाधार कार्ड से एक ही आवेदन स्वीकार्य है।

**नोटः 1. पात्र चयनित आवेदक द्वारा स्वयं की 20% प्रतिशत हिस्सा राशि जमा कराने के पश्चात् ही आर्टीजनों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। प्रशिक्षण प्राप्त आर्टीजनों को ही मशीन उपलबध करवायी जा सकेगी।**

**2. जिन आर्टीजनों ने पूर्व में केन्द्र / राज्य सरकार की योजनान्तर्गत विद्युत चाक प्राप्त किया हुआ है, वो मिट्टी गूंथने की मशीन 80 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते है।**

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश बोर्ड की वेबसाइट **WWW.SMKB.RAJASTHAN.GOV.IN** पर देखे जा सकते हैं।

राज.संवाद/सी/26/

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

**Size 12x20**